कोटद्वार, शुक्रवार
28 जून 2024
वर्षः 46
अंकः 65 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

समोसे में निकली छिपकली, रेस्टोरेंट में मचा हड़कंप

चम्पावत। बनबसा में एक रेस्टोरेंट के समोसे में छिपकली निकली है। जिससे रेस्टोरेंट में हड़कंप मच गया। बुधवार को उत्तराखंड पॉवर कारपोरेशन के मीटर रीडर अंकुर अग्रवाल सहित तीन कर्मचारी सुपरवाइजर आकाश कुमार के साथ बनबसा रेलवे पटरी के पास रेस्टोरेंट में समोसे खाने गए थे। इस बीच सुपरवाइजर आकाश कुमार ने एक समोसा खाने के लिए तोड़ा और आधा समोसा खाने के बाद उसमें छिपकली दिखी। इसके बाद उनके होश उड़ गए। समोसे में छिपकली निकलने के बाद रेस्टोरेंट में हड़कंप मच गया। जिसके बाद रेस्टोरेंट में मौजूद लोगों ने जमकर हंगामा किया। समोसे में छिपकली निकलने की घटना तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। समोसे में छिपकली निकलने के बाद सुपरवाइजर आकाश कुमार की हालत बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर उनके कर्मचारियों ने उन्हें टनकपुर उनके आवास तक पहुंचाया। सुपरवाइजर आकाश कुमार ने बताया कि घटना के बाद उल्टी होने पर उन्हें दवा लेनी पड़ी। समोसे में छिपकली निकलने का वीडियो वायरल होने पर मामला संज्ञान में आने पर एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि संबंधित मामले वैधानिक कार्यवाही के लिए सेफ्टी डिपार्मेंट चम्पावत को निर्देश दिए गए हैं।

युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

देहरादून। नई बस्ती पटेलनगर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मौत के कारणों पर जांच शुरू कर दी है। मौके कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पटेलनगर की बाजार चौकी के इंचार्ज पीके शाह ने बताया कि कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली। बताया गया कि न्यू पटेलनगर में एक युवती ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर फर्श पर रखा हुआ था। युवती को अस्पताल भिजवाया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। युवती की शिनाख्त ममता कौर उम्र वर्ष निवासी नई बस्ती के रूप में हुई। चौकी इंचार्ज शाह के मुताबिक युवती ने तीन दिन पहले पलटन बाजार में एक दुकान पर काम के लिए जाना शुरू किया गया था। बुधवार रात वह अपने कमरे में सोई थी और माता पिता दूसरे कमरे में। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे देखा तो उसे फांसी के फंदे पर लटके पाया। युवती के जान देने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस पर पुलिस जांच कर रही है।

मानसून में अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने गुरुवार को मानसून के दृष्टिगत सभी विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। कहा कि सड़कों पर भूस्खलन की संभावना वाले स्थानों में मशीनरी एवं अन्य संसाधनों को तैनात रखें। साथ ही मानसून अवधि के लिए जिला मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैनाती करने के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियों पर भी 30 सितंबर तक के लिए पाबंदी लगाई है।

डीएम ने कहा कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को इस दौरान अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। प्रतिस्थानी की व्यवस्था पर ही अवकाश स्वीकृत होगा। मानसून के दृष्टिगत जिले में की गई तैयारियों की पड़ताल की। जिलाधिकारी ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि आपदा की दृष्टि से जिला अत्यंत संवेदनशील होने के कारण किसी भी प्रकार की घटना या स्थिति से निपटने और जनपदवासियों के साथ ही चारधाम यात्रियों की सुरक्षा व सहायता के लिए पुख्ता तैयारी और उच्च स्तर का रिस्पांस लेवल बनाए रखा जाना जरूरी है।

बिजली उपभोक्ताओं को झटकाः अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए देने होंगे 50 रुपये

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से पैसे वसूली की नई योजना बनाई है। पावर कारपोरेशन बिजली उपभोक्ताओं का भार बढ़ाने की तैयारी में है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को मैसेज अलर्ट और डिस्कनेक्शन–रीकनेक्शन पर फीस चार्ज करने की रणनीति बन रही है। पावर कारपोरेशन की तरफ से दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन जोडने और काटने पर 50 रुपये का शुल्क वसूला जाएगा। वहीं रिचार्ज खत्म होने के बाद बिजली काटने का मैसेज भेजने के एवज में कारपोरेशन 10 रुपये चार्ज करने की तैयारी कर रहा है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की

उत्तराखंड के लिए केन्द्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति उत्तराखण्ड राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का अनुरोध किया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट कर केंद्रीय मंत्री, आवास एवं शहरी मामले और केंद्रीय मंत्री ऊर्जा के दायित्व का कार्यभार ग्रहण किये जाने पर बधाई और शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से केन्द्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति उत्तराखण्ड राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत उत्पादन हेतु केवल जल विद्युत ऊर्जा उत्पादन केन्द्रों की उपलब्धता है जिसके फलस्वरूप राज्य के कुल एनर्जी मिक्स में 55% से अधिक ऊर्जा जल विद्युत ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त होती है। कोयला आधारित संयंत्रों से राज्य के एनर्जी मिक्स में केवल 55% ऊर्जा ही प्राप्त होती है। जिसके फलस्वरूप राज्य में बेस लोड क्षमता का अभाव राज्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिये कठिन चुनौती बनता जा रहा है।

शीत ऋतु में राज्य के जल विद्युत ऊर्जा स्त्रोतों से औसतन 300–400 मेगावाट ऊर्जा ही प्राप्त हो पाती है, जो ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति को और गम्भीर बनाती है। राज्य में लगभग 4800 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण मुख्यतः पर्यावरणीय कारणों से विभिन्न मा० न्यायालयों अथवा अन्य स्तरों पर लम्बित है जिस कारण राज्य में उपलब्ध जल शक्ति का विकास न हो पाने के कारण राज्य में विद्युत की माँग एवं उपलब्धता का अन्तर लगातार बढ़ता जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष संपादित की गई रिसोर्स ऐडक्वसी स्टडीस में भी उत्तराखण्ड राज्य के एनर्जी मिक्स में वर्ष 2027–28 तक 1200 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत कोयला आधारित तापीय संयंत्रों से प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गई है। आगामी पाँच वर्षों में राज्य की आर्थिकी को दोगुना करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य के आधारभूत ढ़ाँचे में व्यापक वृद्धि की जानी है, जिसमें राज्य में औद्योगिकीकरण, सेवा क्षेत्र जिसमें पर्यटन से जुड़ा आधारभूत ढाँचा मुख्य है, कृषि एवं वानिकी तथा शिक्षा आदि क्षेत्रों में मुख्य रूप से निवेश आकर्षित हो रहा है, जिसके फलस्वरूप निकट भविष्य में विद्युत की मांग में तेज वृद्धि अपेक्षित है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से राज्य की बेस लोड की आवश्यकताओं को पूर्ण किये जाने और विद्युत की मांग तथा उपलब्धता के अंतर को कम किये जाने के लिए केन्द्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति उत्तराखण्ड राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया।

घर के बाहर से मासूम को उठा ले गया गुलदार

हल्द्वानी। काठगोदाम क्षेत्र में गौला नदी किनारे झोपड़ियों में रह रहे एक मजदूर के इकलौते बेटे को बुधवार रात गुलदार उठा ले गया। सुबह घर से 400 मीटर दूरी पर जंगल में बच्चे का क्षत–विक्षत शव बरामद हुआ है। घटना हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता रेंज की है। मूलरूप से हरदोई यूपी निवासी प्रीतम यहां कॉलटैक्स में निर्मला कान्वेंट स्कूल के सामने रेलवे पटरी के पास गौला नदी किनारे झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहता है। बुधवार रात करीब 12 बजे वह अपने सात वर्षीय बेटे शिवा को पेशाब कराने के लिए झोपड़ी से बाहर लेकर गया। वहां घात लगाकर बैठा गुलदार बच्चे को दबोचकर ले गया। इससे पहले कि पिता बच्चे को बचाने के लिए कुछ करता गुलदार आंखों से ओझल हो चुका था। सूचना पर वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया, लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चला। सुबह एक बार फिर सर्च अभियान चलाया गया तो घर से करीब 400मीटर दूर गौला नदी किनारे जंगल में शिवा का क्षत–विक्षत शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रीतम के तीन बच्चों में बेटा दूसरे नंबर का था। बच्चे की मौत से माता–पिता का रो–रोकर बुरा हाल है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ फूटा आप सांसदों का गुस्सा

● संसद परिसर में लगाए तानाशाही नहीं चलेगी के नारे

नई दिल्ली ,आम आदमी पार्टी के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे इन सांसदों का कहना था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गलत है। सीबीआई कार्रवाई के खिलाफ हाथों में तख्ती लिए इन सांसदों ने ह्यतानाशाही नहीं चलेगी, केजरीवाल को रिहा करोह्न के नारे लगाए। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर राज्यसभा में भी प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सांसद राष्ट्रपति के अभिभाषण का भी बहिष्कार करेंगे।आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) का समर्थन भी मिला है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया, ये आपातकाल से भी अधिक तानाशाही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में सवाल पूछे जाएंगे।अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी इसे तानाशाही और इमरजेंसी करार दिया है। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि यह कानून नहीं है, इमरजेंसी है और तानाशाही है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि 20 जून को अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत ईडी ने स्टे लगवा लिया। फिर सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये क़ानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। आम आदमी पार्टी ने का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ न कोई सबूत है, न ही कोई मनी ट्रेल मिला है और न ही कोई पैसा अभी तक बरामद हुआ है, लेकिन फिर भी जानबूझकर उन्हें अभी तक सलाखों के पीछे रखा गया है। ताकि आम आदमी पार्टी को पूरी तरीके से खत्म किया जा सके।

कश्मीर घाटी में वोटिंग के रिकॉर्ड टूटे, लोगों को सरकार की गारंटी पर विश्वास : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली ,संसद में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। इसकी शुरुआत राष्ट्रपति ने सभी निर्वाचित सांसदों को बधाई के साथ की। राष्ट्रपति ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं। उन्होंने कहा कि बीते 4 दशकों में हमने कश्मीर में बंद और हड़ताल के बीच कम मतदान का दौर भी देखा था। भारत के दुश्मन वैश्विक मंच पर इसको जम्मू कश्मीर की राय के तौर पर दुष्प्रचारित करते रहे हैं। लेकिन इस बार कश्मीर घाटी में लोगों ने इसका करारा जवाब दिया है।उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव की चर्चा पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। 6 दशक बाद ऐसा हुआ है। भारत के लोगों को यह पूर्ण विश्वास है कि उनकी आकांक्षाएं सिर्फ मेरी सरकार ही पूरा कर सकती है। इसलिए 2024 का यह चुनाव नीति, नियत, निष्ठा और निर्णयों पर विश्वास का चुनाव रहा है। मजबूत और निर्णायक सरकार में विश्वास, सुशासन, स्थिरता और निरंतरता में विश्वास, ईमानदारी और कड़ी मेहनत में विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि में विश्वास, सरकार की गारंटी और डिलीवरी में विश्वास, विकसित भारत के संकल्प में विश्वास।

उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का जो मिशन चलाया है, यह उस पर मुहर है। राष्ट्रपति ने कहा कि 18वीं लोकसभा कई मायनों में एक ऐतिहासिक लोकसभा है। यह लोकसभा अमृत काल के शुरुआती वर्षों में गठित हुई है। यह लोकसभा देश के संविधान को अपनाने के 75वें वर्ष की भी साक्षी बनेगी। आगामी सत्र में मेरी सरकार इस कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही अनेक ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। रिफंड की गति अब और तेज की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भर में निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। राज्यों के विकास से देश का विकास हम इसी भावना से आगे बढ़ते रहेंगे। राष्ट्रपति ने बताया कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते कुछ वर्षों में भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है। वैश्विक महामारी का सामना करने के बावजूद भारत ने यह विकास दर हासिल की है। आज भारत अकेले ही विश्व के ग्रोथ में 15 फीसदी का योगदान दे रहा है।

मौसम पूर्वानुमानः 29 जून तक पूरे प्रदेश में पहुंचेगा मॉनसून

देहरादून। उत्तराखंड के लोगों को खुशखबरी देते हुए मौसम विभाग ने कहा है कि 29 जून तक मॉनसून पूरे राज्य में पहुंचने की संभावना है। इस दौरान विभाग ने पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चंपावत, चमोली, टिहरी, देहरादून, यू.एस. नगर, पौड़ी और नैनीताल सहित राज्य के अन्य कई स्थानों पर हल्की से भारी मॉनसूनी बारिश होने की संभावना जताई है।

उधर गुरुवार को हरिद्वार जिले में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई है।

इस बारे में जानकारी देते हुए भारतीय मौसम विभाग देहरादून केंद्र के ड्यूटी ऑफिसर ने कहा, 'गुरुवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून पहुंच गया है और 29 जून तक पूरे उत्तराखंड में पहुंच जाएगा, जबकि 28 जून से 1 जुलाई तक अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।'

कौशल विकास योजना में गड़बड़ी की जांच पर सीबीआई स्थिति स्पष्ट करेः हाईकोर्ट



नैनीताल। कौशल विकास योजना के तहत कोरोना काल में 70 करोड़ के घोटाले की जांच की मांग करते हुए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से मौखिक तौर पर पूछा है कि क्या मामले की सीबीआई जांच कराई जा सकती है? एजेंसी इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। जनहित याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने की। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका में केंद्र सरकार, उत्तराखंड सरकार सहित निदेशक कौशल विकास, सचिव कौशल विकास, नोडल अधिकारी कौशल विकास को पक्षकार बनाया गया है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार से उक्त मामले के सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश जारी करने के साथ ही याचिकाकर्ता को घोटाले में शामिल निजी कंपनियों और एनजीओ को पक्षकार बनाने को कहा था। मामले के अनुसार हल्द्वानी आवास विकास कॉलोनी निवासी एहतेशम हुसैन खान उर्फ विक्की खान और अन्य की तरफ से उच्च न्यायालय में जनहित दायर की गई। इसमें कहा गया कि उत्तराखंड में केंद्र सरकार की सहायतित कौशल विकास योजना में कोविड महामारी के दौरान गड़बड़ी की गई है। कोरोना काल के दौरान जब सभी प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगी थी, तो प्रशिक्षण के नाम पर लगभग 70 करोड़ की धनराशि हड़प ली गई। प्रदेश सरकार दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जबकि इस घोटाले में अधिकारी सहित करीब 27 एनजीओ भी शामिल हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि प्रदेश में चल रही कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के नाम पर कई अनियमितताएं बरती गईं और अकेले कोरोना काल में प्रदेश के 55 हजार छात्रों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उन्हें नौकरी तक आवंटित कर दी गई। ऐसे लोगों के नाम पर धन दिया गया जो इस दुनिया में हैं ही नहीं, या जो 18 साल से कम उम्र के हैं और पूरी तरह अपने माता–पिता पर निर्भर हैं। जिन छात्रों के आधारकार्ड लगाए गए हैं वे पूरी तरह फर्जी हैं। इस फर्जीवाड़े में केंद्र सरकार की योजना को करोड़ों रुपये का चूना लगा दिया गया है। जनहित याचिका में इसकी जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग की गई है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने किया कैबिनेट सेक्रेटरी की जल शक्ति अभियान बैठक में प्रतिभाग

वन क्षेत्रों में स्थित जलस्त्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु कार्य करने को सरकारी विभागों से अनुमति प्रदान करने का अनुरोध

देहरादून। भारत सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी की जल शक्ति अभियान–कैच द रैन से सम्बन्धित विडियो कान्फ्रेसिंग में उत्तराखण्ड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में वन क्षेत्रों में स्थित जलस्त्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु कार्य करने के लिए सरकारी विभागों को अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड में राज्य स्तरीय स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण (रअफफअ) के माध्यम से जल संरक्षण एवं जलस्त्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत कैच द रेन, जल संरक्षण अभियान, अमृत सरोवर, हरेला कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में जल संरक्षण, सम्भरण एवं जल सम्वर्द्धन हेतु कार्य किए जा रहे हैं। क्रिटिकल सूख रहे जल स्त्रोतों, सहायक नदियों व धाराओं का चिन्हीकरण किया गया है। इनके संग्रहण क्षेत्रों की पहचान की गई है। ग्राम स्तर पर जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके उपचार क्षेत्र में जल संभरण गतिविधियों के निर्देश दिए गए हैं। विकासखण्ड स्तर पर न्यूनतम 10 क्रिटिकल सूख रहे जल स्त्रोतों तथा जनपद स्तर पर न्यूनतम 20 सहायक नदियों/धाराओं के उपचार को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि पेयजल निगम द्वारा 78 क्रिटिकल जलस्त्रोत चिन्हित किए गए हैं। जन संस्थान द्वारा 415 क्रिटिकल जल स्त्रोत चिन्हित किए गए हैं। विभिन्न जनपदों में कुल 250 सहायक नदियां/धाराएं उपचार हेतु चिन्हित की गई हैं। जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत ग्राम स्तर पर 4658 जल स्त्रोतों के उपचार क्षेत्र में जल संभरण गतिविधियों, विकासखण्ड स्तर पर 770 क्रिटिकल सूख रहे जल स्त्रोतों के उपचार गतिविधियों तथा जनपद स्तर पर 228 सहायक नदियों/धाराओं में उपचार गतिविधियों के संचालन का लक्ष्य है।

हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी, वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में हुए पेश

रांची ,रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। यानी 11 जुलाई तक वे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहेंगे।गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम, झामुमो नेता अंतु तिर्की, रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष, संजीत कुमार एवं अन्य आरोपियों की भी गुरुवार को अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई।

पॉवर सब स्टेशनों की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

देहरादून। बिजली के सप्लाई सिस्टम को मजबूत करने को ऊर्जा निगम पॉवर सब स्टेशनों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराएगा। इसके लिए 201 सब स्टेशन पर आरटी डेस सिस्टम को लागू किया जाएगा। 25 हजार कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों में लगे सब स्टेशन में आरटी डेस सिस्टम लगाया जाएगा। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बताया कि ऊर्जा निगम की ओर से आरडीएसएस योजना के तहत पॉवर सप्लाई सिस्टम को मजबूत बनाया जा रहा है। इसी योजना में 201 सब स्टेशन में रियल टाइम डाटा सिस्टम नियंत्रण प्रणाली स्थापित की जाएगी। सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। जुलाई अंत तक काम शुरू कर दिया जाएगा। इस सिस्टम को लगाने के बाद सभी सब स्टेशन की रियल टाईम आधार पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी। ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी। फीडर ट्रीप होते ही तत्काल एसएमएस से जूनियर इंजीनियर को सूचना मिल जाएगी। तय संख्या से अधिक ट्रिपिंग होने पर एसडीओ, ईई से लेकर एसई तक सूचना पहुंच जाएगी। इससे सभी स्तरों पर बेहतर ढंग से मॉनिटरिंग हो सकेगी। सम्बन्धित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच पाएंगे। सब स्टेशन में स्थापित ब्रेकर्स की ट्रिपिंग की संख्या के आधार पर समय से ब्रेकर्स का अनुरक्षण कर आपात स्थिति में बिजली सप्लाई में व्यवधान की सम्भावना से बचा जा सकेगा। इससे पहले भी यूपीसीएल आईपीडीएस योजना में 66 शहरों के 106 सब स्टेशन में इस सिस्टम का उपयोग करता आ रहा है। इस सिस्टम से मिलने वाली सूचनाओं को रियल टाइम आधार पर नेशनल पॉवर पोर्टल पर भेजा जाता है।

झारखंड के पलामू में कन्स्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों का हमला, तीन गाडियां फूंकी

पलामू , झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र में सीपीआई माओवादी नक्सलियों ने एक रोड कन्स्ट्रक्शन साइट पर हमला बोलकर तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वारदात बुधवार–गुरुवार देर रात की है।नक्सलियों ने सडक़ निर्माण करा रही कन्स्ट्रक्शन कंपनी से लेवी (रंगदारी) की मांग की थी। माना जा रहा है कि मुंह मांगी रकम न मिलने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने वारदात की पुष्टि की है। नक्सलियों की तलाश में पुलिस ने अभियान शुरू किया है। बताया गया है कि हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया गांव तक सडक़ निर्माण चल रहा है। सीपीआई माओवादियों का एक हथियारबंद दस्ता डंडिला पहुंचा और एक जेसीबी एवं दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी। इस सडक़ का निर्माण अभय कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी कर रही है, जिसके मालिक हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह हैं। पुलिस सूत्रों ने वारदात के पीछे 15 लाख इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव के दस्ते का हाथ बताया है। बीते छह महीने में झारखंड के पलामू, चतरा, लातेहार, रांची, सिमडेगा और हजारीबाग जिले में अलग–अलग कन्स्ट्रक्शन साइट्स पर नक्सलियों ने एक दर्जन से ज्यादा हमले किए हैं और दर्जनों वाहनों को आग के हवाले किया है।

28 मई को रांची जिले के खलारी के पास नक्सलियों के एक दस्ते ने ऑप्टिकल फाइबर बिछा रही कंपनी के साइट पर हमला बोलकर एक ट्रेलर में आग लगा दी थी,

यूपी में हत्या के जुर्म में छात्र को उम्रकैद, 2017 में वारदात को दिया था अंजाम

कानपुर ,उत्तर प्रदेश में कानपुर की एक अदालत ने डकैती के दौरान हत्या के मामले में 26 वर्षीय युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई। व्यक्ति ने सात साल पहले अपने पड़ोस के घर में डकैती के दौरान निशा केजरीवाल (52) की हत्या कर दी थी। निशा का शव 12 जुलाई 2017 को उनके घर के अंदर मिला था।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए निशा के पड़ोसी आदित्य नारायण सिंह की घटनास्थल पर मौजूदगी का पता लगाने में सफल रही। वारदात को अंजाम देने के दौरान युवक की उम्र 19 साल थी। यह साबित हो चुका है कि आदित्य नारायण सिंह ने लूटपाट के लिए महिला की हत्या की थी।

कानून का राज सुशासन की पहली शर्त : सीएम योगी

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी–112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी को फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है।

सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है। पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया।

सीएम योगी ने कहा कि निवेश, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कैसी होनी चाहिए, यूपी ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है।

संपादकीय

बारिश से प्रभावित चारधाम यात्रा

आखिर गर्मी धीरे–धीरे अपनी विदाई की ओर है तो वहीं मानसून की बारिश का असर अब पूरे उत्तराखंड में नजर आने लगा है। राज्य में हो रही बारिश हीट वेव से निजात दिलाई है तो वही दूसरी तरफ जंगलों में लग रही आज भी अब शांत हो चुकी है। ग्रीष्मणकाल में उत्तराखंड के जंगलों ने न केवल करोड़ अरबों की प्राकृतिक संपदा को नष्ट कर दिया बल्कि कुछ लोगों की मृत्यु भी हो गई। वनग्नि से निपटने पर सरकार के प्रयास अधिक कारगर नजर नहीं आए और आखिरकार वनों की आग को शांत करने का एकमात्र सहारा बारिश ही सिद्ध साबित हुई। इधर अब उत्तराखंड में बादलों ने बरसना शुरू कर दिया है जिसका असर चार धाम यात्रा पर भी सीधे–सीधे नजर आने लगा है जिसके कारण यात्रियों की संख्या अप्रत्याशित रूप से कम हुई है तो चार धाम मार्ग एवं मंदिरों में भी दर्शन अब आसानी से किए जा रहे हैं। स्पष्ट है कि मानसून शुरू होने के साथ ही चार धाम यात्रा मार्ग पर बेहद सतर्कता की भी जरूरत है और नसीहत तो यही दी जाती है कि भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए पहाड़ों पर यात्रा से बचा जाए एवं चार धाम यात्रा का कार्यक्रम बनाने वाले कुछ समय के लिए इसे स्थगित रखें। उत्तराखंड के मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह का पूर्वानुमान जारी कर विभिन्न जिलों में 28, 29 जून और दो व तीन जुलाई को भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश का यह अलर्ट उत्तराखंड के गढ़वाल एवं कुमाऊंके पहाड़ों के साथ ही कुछ मैदानी क्षेत्र के लिए भी जारी किया गया है। उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में इस बार बढ़ते हुए तापमान के पिछले रिकॉर्ड टूटे तो वही देहरादून जैसे शहर में भी लोगों ने "हीट वेव" का अनुभव झेला।पर्यावरण एवं मौसम के बदलते स्वरूप में पूरे उत्तराखंड की भौगोलिक दशा पर भी सवाल खड़े किए तो वही जरूरत महसूस की जाने लगी की ऐसे हालातो में आने वाले दिन और अधिक कष्टकारी साबित होंगे। हालांकि जून के तीसरे सप्ताह से उत्तराखंड में बारिश का असर नजर आया जिससे न केवल "हीट वेव" से मुक्ति मिली बल्कि तापमान में गिरावट आने के साथ ही लोगों ने भी राहत की सांस ली। उधर हर बार की तरह मानसून से पहले और मानसून के दौरान बारिश के कारण होने वाली परेशानियां शुरुआती दौर में ही नजर आने लगी हैं। स्पष्ट है कि मानसून से पूर्व किए जाने वाले प्रबंध को लेकर वह तेजी नहीं दिखाई जाती जो मौसम की परिस्थितियों के अनुसार अमल में लाई जानी चाहिए। सरकार की ओर से महज मौसम का अलर्ट जारी करके एडवाइजरी जारी की जाती है लेकिन जल निकासी और यात्रा के दौरान बढ़नी जाने वाली सावधानियां कैसे अमल में लाई जाए इसे लेकर कोई सुव्यवस्थित प्रबंधन धरातल पर नजर नहीं आता। इस बार भी मानसून समाप्त होने तक मौसम के अनुरूप एडवाइजरी जारी की जाती रहेगी और उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक प्रदेश में बारिश के कारण होने वाली प्राकृतिक आपदाएं भी हमारे सामने आती रहेंगी। प्रदेश हमेशा से ही ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से जूझता आया है और ऐसे ही परिस्थितियों के बीच यहां के लोगों ने जीना भी सीख लिया है, लेकिन आपदाओं के कारण जिस प्रकार से जान और माल की हानि होती है उस पर जरूर रोकथाम लगनी चाहिए और यह तभी संभव है जब राहत दलों के साथ राहत प्रबंधन को भी सुदृढ़ किया जाएगा। वर्तमान दौर में चार धाम यात्रा क्रियाशील है और भारी बरसात के दौरान यही सबसे उचित होगा कि इस अवधि में श्रद्धालु यात्रा के लिए सभी तैयारी के साथ मौसम का पूर्वानुमान भी लेते रहे। बावजूद इसके सलाह तो यही दी जाती है कि पहाड़ों में बारिश के दौरान यात्रा से बचा जाए।

अब जरूरी हो गया है बाल श्रम रोकना

— रमेश सर्राफ धमोरा

दुनिया भर में 73 मिलियन बच्चे खतरनाक काम करते हैं। खतरनाक श्रम में मैनुअल सफाई, निर्माण, कृषि, खदानों, कारखानों तथा फेरी वाला एवं घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में काम करना शामिल है।

किसी देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ्य होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आएगी। लेकिन अगर बच्चे बचपन से ही किताबों को छोड़कर कल– कारखनों में काम करने लगेंगे तो देश समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल–कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं। जहां दो पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है।

बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम है आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें! इस दिन जागरूकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है।वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग–अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है।

बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नही मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम है आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें! इस दिन जागरूकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग–अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है।

बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण है निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश के नागरिक शिक्षित नहीं होंगे तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। यह आवश्यक है कि देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े।

प्रशासनिक स्तर पर सख्त से सख्त निदेर्शों की आवश्यकता है जिससे बालश्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होना चाहिये तथा इसके विरोध में सदैव आगे आना चाहिये। पूरी दुनिया के लिये बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिये समय समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम को काबू में लाने के लिये विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किये जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। दुनिया भर में 73 मिलियन बच्चे खतरनाक काम करते हैं। खतरनाक श्रम में मैनुअल सफाई, निर्माण, कृषि, खदानों, कारखानों तथा फेरी वाला एवं घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में काम करना शामिल है।

बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता– पिता जैसे अन्य कारण भी हैं। बाल श्रम प्रतिबंध एवं नियमन, संशोधन अधिनियम– 2016 के जरिए बाल श्रम प्रतिबंध एवं नियमन– अधिनियम 1986 में संशोधन किया गया है ताकि किसी काम में बच्चों को नियुक्त करने वाले व्यक्ति पर जुर्माना के अलावा सजा भी बढ़ाई जा सके। संशोधित कानून सरकार को ऐसे स्थानों पर और जोखिम भरे कार्यों वाले स्थानों पर समय समय पर निरीक्षण करने का अधिकार देता है जहां बच्चों के रोजगार पर पाबंदी है।

आरक्षण रद्द बिहार सरकार को तगड़ा झटका

पटना हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए गए राज्य सरकार के आरक्षण को रद्द कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार को तगड़ा झटका माना जा रहा है। यह दलितों, पिछड़े वर्गों व आदिवासियों को सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा था। बिहार की तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा बीते साल नवम्बर में जाति गणना के आधार पर इन वर्गों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का कानून बनाया गया था। अदालत ने विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के बाद इस बढ़ी आरक्षण सीमा को संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 20 का उल्लंघन बताया। जैसा कि शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी राज्य सरकार 50 प्रतिशत की तय सीमा से अधिक कोटा नहीं लागू कर सकती है, जबकि बिहार में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 फीसद मिलाकर यह आरक्षण 75 प्रतिशत पहुंच गया था। अदालत का मानना है कि बिहार में कुल जनसंख्या के केवल 1.57 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरियों में हैं। जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व भी पर्याप्त बताया जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। दरअसल, जैसा नजर आता है कि आरक्षण अब राजनीतिक पार्टियों के लिए जनता को फुसलाने का साधन मात्र रह गया है। उनका ध्येय समाज में व्याप्त गैर–बराबरी को मिटाना नहीं रहा। वे मतदाताओं को बड़ी तादाद में प्रभावित करने के उद्देश्य से व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं। तमाम अगड़ी जातियां मानती हैं कि आरक्षण के चलते नौकरियों क लाले पड़ रहे हैं। वे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रभावित होने का रोना भी रोती रहती हैं, परंतु यह भी गलत नहीं है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था में विभिन्न जातियों/समुदायों को जबरदस्त अन्याय सहना पड़ा है। उनके लिए कोटा तय कर, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक तौर पर बराबरी पर लाने के प्रयासों पर अड़चनें लाने उचित नहीं है। यूं तो अन्य राज्यों में भी सत्ताधारी दल लाभ के लोभ में कोटा बढ़ाते रहने को उतावले हो सकते हैं। इसलिए बिना देरी किए, इस पर लगाम लगाना लाजमी है। कमजोर वर्ग की सहूलियत के लिए, उन्हें सहायता देने व जीवन स्तर बेहतर बनाने के अन्य तरीकों पर भी विचार किए जाने की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जाना चाहिए।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व

अजय दीक्षित

विश्व में भारत का डंका बजा कर पिछले दस सालों में मोदी जी ने भारत को विश्व गुरु बना दिया है । अनेक वर्षों से यू.एन.ओ. की पहल पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है । इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी ने कश्मीर में योग दिवस मनाया । टी.वी. पर जो चित्र दिखलाये जा रहे थे उनसे ज्ञात होता है कि योग करने वालों में इस्लाम धर्म को मानने वाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे । अनेक मुस्लिम देशों में अब योग को नियमित रूप से अपनाया जाने लगा है । यहां तक कि भारत का कट्टर विरोधी पाकिस्तान भी योग दिवस मनाता है ।

छः दर्शनों में पतंजलि का योग दर्शन भी है । योगी कोई हिन्दू प्रणाली नहीं है । मोदी जी के अनुसार योग चित्त को स्थिर करता है और एकाग्रता लाने में मददगार होता है । शास्त्रों में कहा गया है कि योग विद्या नहीं अपितु विज्ञान है जो आधुनिक पैमाने पर खरा उतरता है । मोदी जी ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है । यह एकाग्रता लाने में सहायक है । योग मन की ताकत को बढ़ाता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि अब विश्व के कोने–कोने में योग की महत्ता लोग समझ गये हैं ।

धरती का प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसती आग से

प्रमोद भार्गव

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है।

अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से ये हालात पैदा हुए हैं। यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी चरम पर होगी।

गर्मी से जीव–जगत की क्या स्थिति होगी? अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पल्रय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव–जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा। दिल्ली में तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हुई है। इस कदर गर्मी का अनुमान पर्यावरणविद् ने पहले से लगा लिया था। इनकी सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से

गर्मी से जीव–जगत की क्या स्थिति होगी? अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पल्रय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव–जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा।

बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। पर्यावरणविद् के मुताबिक, सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी। नतीजतन, पृथ्वीवासियों को तबाही का सामना करना पड़ेगा।इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन, जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है, में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इस्त्रइल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंतण्र के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।नवम्बर, 2021 में ग्लासगो वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत–चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं।

बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850–1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है।गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है या प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार है, जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियंतण्र जरूरी है।

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 का टीजर जारी, 15 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

स्त्री के सीक्वल की घोषणा के बाद से ही फैंस बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि दूसरे भाग में चंदेरी में क्या होने वाला है। पहले भाग ने दर्शकों को इस मुकाम पर पहुँचा दिया कि हर कोई सिर्फ़ यही अनुमान लगा रहा है कि श्रद्धा कपूर असल में स्त्री हैं या नहीं।

खैर, मुंज्या के साथ सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया स्त्री 2 का टीज़र अब आखिरकार सोशल मीडिया पर सबके लिए आ गया है। टीज़र में राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की वापसी देखने को मिलेगी।

टीज़र की शुरुआत चंदेरी शहर में स्त्री की नई विशाल मूर्ति के उद्घाटन से होती है। मूर्ति के नीचे, ओ स्त्री रक्षा कर्ण लिखा हुआ देखा जा सकता है। अगले फ्रेम में, हम असली गैंग राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी को एक साथ देखते हैं। एक फ्रेम में उनकी मौजूदगी ही आपको आगामी फ़िल्म के लिए उत्साहित कर देगी। रश के बाद कई डरावने सीन दिखाए गए और अंत में श्रद्धा कपूर गंभीर रूप में दिखाई दीं। टीजर में तमन्ना भाटिया का सेक्सी अवतार भी देखने को मिला। ऐसा लग रहा है कि वह एक धमाकेदार डांस नंबर के लिए कैमियो करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रश में मुख्य जोड़ी श्रद्धा और राजकुमार के बीच कुछ प्यारे पल भी देखने को मिल सकते हैं। फिल्म मुंज्या की थिएट्रिकल रिलीज से जुड़ी एक झलक के बाद, मेकर्स ने आखिरकार स्त्री 2 का टीजर जारी कर दिया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। स्त्री आपकी स्क्रीन पर फिर से धमाल मचाने और आपको गुदगुदाने के लिए तैयार है, मेकर्स झ जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान ने अपने बहुप्रतीक्षित सीक्वल का टीजर जारी कर दिया है। 2018 की फिल्म स्त्री की अभूतपूर्व सफलता के बाद, जियो स्टूडियो और दिनेश विजान बहुप्रतीक्षित और बहुप्रतीक्षित सीक्वल स्त्री 2 लाने के लिए तैयार हैं। अमर कौशिक द्वारा डायरेक्ट यह फिल्म डरावनी लेकिन प्रफुल्लित करने वाली दुनिया में वापसी का वादा करती है, जहां पौराणिक स्त्री पुरुषों को डराती रहती है।

भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद आखिरकार नई टीम से जुड़ गए अजिंक्य रहाणे

नई दिल्ली। एक समय टीम इंडिया की टेस्ट टीम का अहम हिस्सा रहे दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे लगातार वापसी की कोशिश में लगे हुए हैं। रहाणे ने टीम इंडिया के लिए अपना आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज में टेस्ट मैच के रूप में खेला था। लेकिन तब से वह टीम से बाहर हैं। रहाणे ने इस बीच एक बड़ा फैसला लिया है और नई टीम के साथ खेलने का तय किया है।

विराट कोहली जब टीम इंडिया के कप्तान हुआ करते थे तब रहाणे भारत की टेस्ट टीम के उप–कप्तान थे। साल 2020–21 में विराट कोहली जब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहला टेस्ट मैच खेलने के बाद लौट आए थे तब रहाणे ने टीम की कप्तानी की थी और टीम को टेस्ट सीरीज में जीत दिलाई थी। वह टीम की बल्लेबाजी की धुरी हुआ करते थे।

टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी कम नहीं हो रही श्रीलंका की परेशानी

नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट टीम का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2024 में काफी खराब रहा। 2014 की चैंपियन पहले ही दौर से बाहर हो गई। इस टीम से उम्मीद थी कि ये टीम कम से कम सुपर–8 तक में तो जगह बनाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इस हार के बाद श्रीलंका टीम को एक और झटका लगा है। टीम के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। उनसे पहले श्रीलंका टीम के सलाहकर महेला जयवर्धने ने अपने पद से इस्तीफा दिया था।

इसलिए लिया फैसला

बोर्ड ने बताया है कि सिल्वरवुड ने ये फैसला निजी कारणों के चलते लिया है। बोर्ड ने जो बयान जारी किया है उसमें सिल्वरवुड के हवाले से लिखा है,

"इंटरनेशनल टीम के कोच होने का मतलब है कि आप अपने लोगों से लंबे समय तक दूर रहते हैं। अपने परिवार से लंबी चर्चा के बाद, मैं भारी दिल से, मुझे लगता है कि ये मेरे घर लौटने का सही समय है। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा बन कर मैं काफी सम्मानित महसूस करता हूं और मैं अपने साथ कई शानदार यादें ले जा रहा हूं।"

ऐसा रहा कार्यकाल

इंग्लैंड के सिल्वरवुड को अप्रैल 2022 में टीम का कोच बनाया गया था। वह इससे पहले इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच थे। एशेज सीरीज में हार के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें हरा दिया था। श्रीलंका टीम के साथ शुरुआत में सिल्वरवुड ने अच्छी खासी सफलता हासिल की। उनके कोच रहते श्रीलंका ने एशिया कप अपने नाम किया। 2023 में ये टीम एशिया कप में उप–विजेता रही।

फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट करती दिखीं अनन्या पांडे, किलर पोज देकर सोशल मीडिया पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रसेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट कर देती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने हॉट लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट

फोटोशूट की तस्वीरें साझा कर फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट कर दिया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने फ्लोरल लुक में ब्लू कलर का कोर्ड सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढक़र एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे का ये लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं, साथ ही लोग उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। अनन्या पांडे को इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटोज शेयर किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है। वहीं कई यूजर्स ने कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– सो गॉर्जियस। दूसरे यूजर ने लिखा है– हॉट अनन्या।

तारा सुतारिया ने बताया, पहला हिंदी सॉन्ग शामत गाना कितना मुश्किल था

एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने पहले हिंदी सॉन्ग शामत को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया कि इस गाने (सॉन्ग) को गाना कितना मुश्किल था।

उन्होंने इसे 2022 की एक्शन थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया था। तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें शेयर की। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, करीब दो साल पहले मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया था। इसे आज तक 93 मिलियन बार देखा जा चुका है। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई।

भारत–दक्षिण अफ्रीका महिला टेस्ट मैच में युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर

चेन्नईः भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने–सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक–दूसरे के विरुद्ध लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी।

वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप

भारत ने इस मैच से पहले तीन मैच

की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया था और उसकी टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। उमा छेत्री, प्रिया पूनिया, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी और शबनम शकील को अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी। भारत ने पिछले वर्ष दिसंबर में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के विरुद्ध एक–एक टेस्ट मैच खेला था। उसने इन दोनों मैच में जीत दर्ज की थी।

2014 में खेला था आखिरी टेस्ट मैच

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध अंतिम टेस्ट मैच 2014 में मैसूर में खेला था तथा उसने पारी और 34 रन से जीत द

एक नजर

महिला ने खाया कीटनाशक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः थाना क्षेत्र में एक महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र सतपुली में भर्ती कराया। यहां उपचार के बाद महिला की स्थिति को देखते हुए हंस अस्पताल चमोलीसैंण रेफर कर दिया गया है। थाना सतपुली के एसआई सोहन लाल टम्टा ने बताया कि विकास मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय महिला की पति के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर महिला ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर दिया।

डिवाइडर से टकराकर पलटी बस, एक गंभीर घायल

नई टिहरी। नई टिहरी में गुरुवार दोपहर को हरिद्वार से उत्तरकाशी जा रही टीजीएमओ की बस राष्ट्रीय राजमार्ग 94 पर उनियाल गांव के निकट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक गंभीर घायल और 11 लोग मामूली घायल हुए हैं। बस में 25 लोग सवार थे। बाकी सभी सुरक्षित हैं।पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमार्ग पर यह बस अनियंत्रित होने के कारण पलटी। इस बस में सवाल 43 वर्षीय महिला सिंकी पुत्री सुभाष निवासी सिविल लाइन प्रेम नगर थाना कैलाश चौक लुधियाना गंभीर घायल हुई हैं। जबकि 11 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को 108 व एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी कंडीसौड़ और चिन्यालीसौड़ ले गई। जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। बस के चालक गब्बर सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी फकोट आगरा खाल चला रहे थे। परिचालक लाखन सिंह पुत्र राय सिंह निवासी ग्राम मखलोगी चंबा ने बताया कि घटना के समय बस में 25 सवारी सवार थी। एकाएक अनियंत्रित होने के कारण बस सड़क पर पलट गई।

कीर्तिनगर के सेमी में एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति ठप

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत न्यूली के ग्राम सभा सेमी में एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीण एक किमी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल पाइप लाइनों में छेड़खानी की जा रही है। जिससे गांव तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीण नागेंद्र बडोनी, राजेश बडोनी, राकेश बडोनी ने कहा कि बीते एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति ठप हो गयी है। पेयजल आपूर्ति नहीं होने ग्रामीणों को एक किमी दूर तक पानी ढोना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइनों से छेड़खानी होने के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। जल निगम के सहायक अभियंता प्रदीप भंडारी ने बताया कि पेयजल समस्या का जल्द निस्तारण कर दिया जायेगा।

राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर मिठाई बांटी

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर श्रीनगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए गोला पार्क में मिष्ठान वितरित किया है।

इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल व पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस हाईकमान सहित इण्डिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं का आभार जताया। मौके पर पूर्व सभासद भगत सिंह डागर, पूर्व सभासद संजय भाई फौजी, विनोद मैठाणी, शिवलाल, सुमन, आनन्द, रजनी, कुसुमलता, बबीता, शिवकांत, सूरज नेगी सहित आदि मौजूद थे।

बदरीनाथ मंदिर का सौन्दर्यीकरण किया जाए

रुद्रप्रयाग। भरदार क्षेत्र के स्वीली गांव के ग्रामीणों ने गांव में स्थित बदरीनाथ मंदिर का जिला योजना में सौन्दर्यीकरण करने की मांग की है, ताकि मंदिर का स्वरूप भव्य हो सके। उन्होंने इस बावत जनपद के प्रभारी मंत्री से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण नन्द डिमरी एवं पुजारी कीर्तिराम डिमरी ने जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा को भेजे ज्ञापन में कहा कि ग्राम स्वीली भरदार में भगवान बदरीनाथ का प्राचीन मंदिर है। मंदिर ग्राम स्वीली सेम, कोटली, दरमोला व तरवाड़ी समेत कई गांवों के ग्रामीणों का आस्था का केंद्र है। कुछ वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था, लेकिन बजट के अभाव में सौंदर्यीकरण का कार्य अभी शेष है। स्थानीय जनता की ओर से मंदिर में समय–समय पर अनुष्ठान किए जाते है।

65 लाख से लगाई फेंसिंग लाइन, पांच साल भी नहीं टिकी

जंगली जानवरों को आबादी में आने से रोकने के लिए भट्ट गांव व जय गांव में लगाई गई थी लाइन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत भट्ट गांव व जय गांव में 65 लाख की लागत से लगाई गई फेंसिंग लाइन पांच वर्ष भी नहीं टिक पाई। नतीजा आज भी जंगली जानवर आबादी में पहुंचकर काश्तकारों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वह समस्या से कई बार वन विभाग को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। लगातार आर्थिक नुकसान झेल रहे ग्रामीण खेती छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

करीब पांच साल पूर्व भट्ट गांव व जय गांव में डेढ़ सौ से अधिक परिवार रहते थे। पूरे क्षेत्र बेहतर खेती के लिए पहचाना जाता था। लेकिन, जंगली जानवर आबादी में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा देते थे। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग ने जंगली जानवरों को रोकने के लिए गांव के आसपास फेंसिंग लाइन बिछाने की योजना बनाई गई। वर्ष 2019 में करीब 65 लाख रुपये की लागत से साढ़े छह किलोमीटर के क्षेत्र में फेंसिंग लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हुआ। लेकिन, तीन वर्ष बाद ही फेंसिंग लाइन ने जवाब देने शुरू कर दिया था। ग्रामीण मुकेश भट्ट ने बताया कि वर्तमान में फेंसिंग लाइन कई स्थानों पर टूट चुकी है। स्थिति के बारे में कई बार वन विभाग को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, आज तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। जबकि, होता तो यह चाहिए था कि समय–समय पर फेंसिंग लाइन का निरीक्षण कर इसकी देखरेख की जाती।

दुगड्डा ब्लाक के भट्ट गांव में क्षतिग्रस्त पड़ी फेंसिंग लाइन

पलायन को मजबूर ग्रामीण

भट्ट गांव व जयगांव के ग्रामीणों की आर्थिकी खेती पर ही टिकी हुई थी। लेकिन, जंगली जानवर आए दिन उनकी खेती को नुकसान पहुंचा देते हैं। नतीजा, मेहनत के बाद भी फल नहीं मिलने से परेशान ग्रामीणों ने खेती से मुंह मोड़ लिया है। ऐसे में वह रोजगार के लिए गांव से पलायन को भी मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों में बीस से अधिक परिवार गांव से पलायन कर चुके हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से फेंसिंग लाइन की मरम्मत करवाकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग की है।

31 छात्रों का हुआ सितारा होटलों में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में होटल मैनेजमेंट कोर्स की शिक्षा ले रहे 31 छात्रों का देश के प्रतिष्ठि चार और पांच सितारा होटलों के लिए हुआ है।

कॉलेज के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि कॉलेज में संचालित होटल मैनेजमेंट कोर्स के अंतिम वर्ष के 31 छात्रों ने देश के प्रतिष्ठित होटल रमादा मसूरी, जेपी ग्रीन गोल्फ एंड रिजार्ट नोयडा, कंट्री इन एंड सूट्स साहिबाबाद, रेडशन ब्लू कोशांभी, लैमन ट्री प्रीमियर गुरुग्राम, पार्क प्लाजा चंडीगढ़, रेडिशन चंडीगढ़ जीराकपुर और गोल्डन तुलिप जयपुर में ट्रेनिंग की। जिसके बाद इन्हीं होटलों में विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन हो गया है।

डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि संस्थान में होटल मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस और मैनेजमेंट के कोर्स में शिक्षा लेने वाले छात्र–छात्राओं को मुख्य पाठ्यक्रम के साथ रोजगार परक शिक्षा भी दी जाती है। जिसके कारण कोर्स के अंतिम वर्ष के सभी छात्रों का संस्थान में आने वाली कंपनियों में आसानी से चयन हो जाता है।

इन छात्रों का हुआ चयन

होटल मैनेजमेंट के छात्र आकाश सिंह, गौरव घिल्डियाल, सुमित सिंह, सूरज कुकरेती, आकाश थापा, मोहन सिंह, विकास नेगी, शिवराज कुमार, अंकित घनसेला, रतन नेगी, सुधांशु पुंडीर, वैभव, गौरव नेगी, सौरभ, सुस्हंत सिंह गुसाईं, अभिषेक सिंह, हेमंत नेगी, अमित नेगी, नीरज, संदीप सिंह, विवेक भंडारी, प्रियांशु नेगी, रविंद्र सिंह, सोएब आलम, नीशु बिष्ट, राहुल रावत, रोहन नेगी, आकाश सिंह, मंदीप सिंह, नीरज कुमार और प्रियांशु सेमवाल का चयन उक्त होटलों के लिए हुआ है।

सीडीओ रेशो में तोड़ा दस वर्षों का रिकार्ड, 28 फीसदी का लक्ष्य हासिल

जयन्त प्रतिनिधि।

पोड़ीः पौड़ी जिले ने सीडीओ रेशो में इस बार पिछले दस सालों का रिकार्ड तोड़ते हुए पहली बार 28 फीसदी का लक्ष्य हासिल हुआ है। जिले में इससे पहले 24 फीसदी के ईर्द –गिर्द ही सीडीओ रेशो रह पाता था। सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने विभिन्न योजनाओं में 939 करोड़, यूजीबी ने 480 करोड़, जिला सहकारी बैंक ने 516 करोड़ तो पीएनबी ने 310 करोड़ के लोन दिए।

जिले में सीएम स्वरोजगार योजना से लेकर एनआरएलएम और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जैसी स्वरोजगार देने वाली योजनाओं में अधिक आवेदकों को लाभ मिल पाया है। डीएम पौड़ी डॉ आशीष चौहान ने कहा है कि अधिक से अधिक युवाओं को योजनाओं का लाभ देते हुए स्वरोजगार से जोड़ना ही मकसद है। लक्ष्य से अधिक युवाओं को इन योजनाओं से जोड़ा गया है। सीएम स्वरोजगार योजना में 700 के लक्ष्य के मुकाबले 1140 लोगों को 51 करोड़ के लोन दिए गए। इसमें पौड़ी जिला प्रदेश में पहला स्थान पर है।

एनआरएलएम में 3700 का लक्ष्य मिला, इसके मुकाबले 3725 का लक्ष्य हासिल किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह के तहत महिलाओं को करीब 42 करोड़ के लोन दिए गए। इस योजना में पौड़ी जिले को ऊधम सिंह नगर के बाद दूसरा बड़ा लक्ष्य मिला था। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में 95 के सापेक्ष 105 का लक्ष्य हासिल कर लघु उद्योग स्थापित करने के लिए 8 करोड़ 32 लाख का लोन जिले में दिए गए। लीड़ बैंक अफसर अनिल कटारिया ने बताया कि सभी बैंकों ने स्वरोजगार की योजनाओं को बढ़ाने में लक्ष्य के अनुरूप काम किया, जिसके कारण सीडी रेशो में ये उछाल आ पाया।

लिमिटेड से एसोसिएशन करने का विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः यातायात कंपनी जीएमओयू लिमिटेड के सदस्यों ने कंपनी के नाम से लिमिटेड हटाकर एसोसिएशन करने के प्रबंधन के प्रयास का विरोध किया है। इस संबंध में गुरुवार को कंपनी के सदस्यों की कंपनी मुख्यालय में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्थापना के समय से ही कंपनी जीएमओयू लिमिटेड के नाम से जानी जाती है। ऐसे में अब प्रबंधन की ओर से कंपनी के नाम से लिमिटेड हटाकर एसोसिएशन में परिवर्तत करने का प्रयास किया जा रहा है। यह कंपनी के व्यवसाय में परिवर्तन करने और कंपनी के लाभों से सदस्यों को वंचित करने का प्रयास है। चेतावनी दी कि प्रबंधन के कंपनी विरोधी हर फैसले का विरोध किया जाएगा। बैठक में ताजबर सिंह, गणेश भट्ट, मनोज नैनवाल, मनोहर सिंह, बलराज सिंह, केशर सिंह, हनुमंत सिंह, कोमल चौधरी, विनोद भट्ट ओर सुखदेव सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

युवती ने दिखाई हिम्मत, चोर को कमरे में बंद कर पुलिस के हवाले किया

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जौनपुर मोहल्ले में एक युवती ने अपनी हिम्मत दिखाते हुए चोर को पकड़कर उसे कमरे में बंद कर दिया। दअरसल, चोर युवती के कमरे से उसका मोबाइल फोन व पैसे लेकर भाग गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस चोर को पकड़कर कोतवाली ले आई।

घटना मोहल्ले जौनपुर क्षेत्र की है। पिछले कई दिनों से पुलिस को सूचना मिल रही थी क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। वह घरों की रेकी कर घर के बाहर रखे सामान को हाथ भी साफ कर रहा है। जौनपुर निवासी सपना ने बताया कि वह कालेज में पढ़ाई करती है और क्षेत्र में एक कपड़ों की दुकान में भी काम करती है। बुधवार रात उनके किराए के कमरे से दो मोबाइल फोन गायब हो गया। साथ ही एक बैग, जिसमें चार सौ रूपए रखे हुए थे। गुरुवार सुबह जब उन्हें पता चला कि मोहल्ले में घूम रहे उक्त बदमाश ने चोरी की घटना को अंजाम दिया तो उसने उसे पकड़ कमरे में बंद कर दिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस उसे अपने साथ लेकर चली गई। वहीं, मोहल्लेवासियों ने भी युवती की इस हिम्मत की भी दाद दी। कहा कि क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस को भी अवगत करवाया जा चुका था। लेकिन, पुलिस ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। इधर, सपना की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।

चोर को पकड़कर लेकर जाती पुलिस

नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती, हुई कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः जिले में शराब पीकर वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। पौड़ी पुलिस ने गुरुवार को शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में 9 चालकों के डीएल जब्त किए है। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर पुलिस ने जिलेभर में अभियान चलाया।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशों पर जिलेभर में पुलिस ने इस बाबत अभियान चलाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। एसएसपी पौड़ी ने बताया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 चालकों के डीएल जब्त किए गए है, जबकि 146 वाहनों के अभी तक चालान किए गए हैं। इसके साथ ही ओवर स्पीड और ओवलोडिंग को लेकर भी पुलिस की चेकिंग सख्त की गई है। एसएसपी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस खासकर शराब पीकर वाहन चलने के साथ ही ओवरलोड और ओवर स्पीड के मामलों में एमवी ऐक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। एसएसपी के मुताबिक 106 वाहनों से 63 हजार रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया है, जबकि 40 वाहनों का चालान कर कोर्ट के लिए भेजा गया है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस

राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से सरकार के सामने मजबूत विपक्ष : नेगी

नई टिहरी। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से सरकार के सामने मजबूत विपक्ष होगा। जिससे जनता के मुद्दों को लोकसभा में मजबूती मिलेगी। मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की दृष्टि से देश के हित के लिए अहम है। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक नेगी ने कहा कि इस बार संसद में मनमानी नहीं चलेगी। सरकार को विपक्ष के मुद्दों पर जबाब देना ही होगा। जनहित के मुद्दों पर एक ठोस निर्णय संसद में देना होगा। कहा कि राहुल गांधी जनता का विश्वास जीतने में कामयाब हुए हैं। लगातार संघर्ष करते हुए जनता के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम से भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक की। इस यात्रा से जनता में डर की भावना खत्म कर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का मजबूत आधार बनाया। जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (D.L) में मेरा नाम भूलवश रविन्द्र सिंह रावत अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम रविन्द्र सिंह है और मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम रविन्द्र सिंह है, अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (D.L) में मेरा नाम रविन्द्र सिंह रावत के स्थान पर रविन्द्र सिंह अंकित किया जाये।

रविन्द्र सिंह पुत्र झवर सिंह
निवासी ग्राम बनगढ़ पौड़ी गढ़वाल
हाल निवासी काशीपुर
उधमसिंहनगर

गढ़वाल विवि से संबद्ध कॉलेज में सीयूईटी से होंगे प्रवेश

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले होंगे। जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर विवि द्वारा आयोजित की जा रही प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही प्रवेश होंगे। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि विवि की प्रवेश समिति और अकादमिक काउंसिल की बैठक में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उक्त निर्णय लिए जा चुके है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी सूचना

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 33 एस.एल.आरः
14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I, R-I), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 ((F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I),14609 (F-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887(F-I,F-II,R-I) 14304 (F-I , F-II, R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), 14314 (F-I), 13010 (F-I) , 12328 F-I के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 11.07.2024 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस.एल.आरः
14816 (F-I, F-II, R-I) , 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 19020 (F-I), 14318 (F-I), 22660 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 12.07.2024 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 1922/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पंचायत प्रतिनिधियों को दिया बीएसआई का प्रशिक्षण

नई टिहरी। भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा की ओर से थौलधार ब्लॉक में ग्राम पंचायत संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक के अधिकारी–कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को विकास मानकों के अनुरूप सामग्री क्रम किए जाने की जानकारी दी गई। ब्लॉक मुख्यालय कंडीसौड़ सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीआईएस के ज्ञान साधन प्रसारण अधिकारी आशीष वर्मा ने अधिकारी–कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों को विकास मानकों के अंतर्गत बीआईएस की मानकीकरण, आईएसआई मार्क, सीआरएस मार्क, प्रयोगशाला कार्य, हॉल मार्किंग के बारे में बताया।

लिंक भेजकर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा ठगी का आरोपी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः सोशल मीडिया पर टोल फ्री साइड पर आपना मोबाइल नंबर डाल उपभोक्ताओं से ठगी करने वाले एक साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पूर्व आरोपी ने शिब्बूनगर निवासी एक व्यक्ति के खाते से नौ लाख अस्सी हजार रुपये ठगे थे।

मामले में 21 फरवरी शिब्बूनगर निवासी मातवर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह किसी कंपनी का टोल फ्री नंबर गूगल पर सर्च कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक नंबर दिखाई दिया। बताया कि जब उन्होंने उक्त नंबर पर फोन किया तो व्यक्ति ने बताया कि वह उन्हें वाट्सएप पर एक लिंक भेज रहा है। जिसपर उन्हें क्लिक करना होगा। बताया कि जब उन्होंने उक्त लिंक पर क्लिक किया तो उनसे ओटीपी मांगा गया। जैसे ही उन्होंने व्यक्ति को ओटीपी दिया उनके खाते से नौ लाख अस्सी हजार रुपये कट गए। पुलिस ने बताया कि मामले में बिहार जिला समस्तीपुर निवासी नदीम पुत्र जमाल को लखनऊ क्रोसिंग भैसामऊ से गिरफ्तार किया गया है।

इस तरह करता था ठगी

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गूमल में फ्राड टोल फ्री नंबरों को फ्लैस करवाते हैं। जो व्यक्ति इन नंबरों पर कॉल करते हैं तो हमारा गैंग उन लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें फर्जी लिंक भेजता है। धाखाधडी से ओटीपी पूछकर उनके खाते से रकम निकाल ली जाती थी।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाषः 01346–252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई०डी० संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

निविदा विस्तारीकरण सूचना दिनांकः 27.06.2024

एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या – 03/2024–25 जिनकी निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 28–06–2024 है एवं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 29–06–2024 है, को किन्ही अपरिहार्य कारणों से विस्तारित करते हुए क्रमशः निविदा प्रपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन (कार्यालय) में जमा करने की तिथि 09–07–2024 को 12:00 बजे तक एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 10–07–2024 को 12:00 बजे तक की जाती है। अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।

पत्रांकः 943/वि०वि०म०श्री०/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचावें (टोल फ्री नं0 :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।

पद्मश्री डा.यशवंत सिंह कठोच को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः एकेश्वर में गुरुवार को सम्मान समिति चौंदकोट ने साहित्य के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित डॉ.यशवंत सिंह कठोच का सम्मान किया। आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

मासों गांव निवासी पद्मश्री डॉ.यशवंत सिंह कठोच को उनके इतिहास और पुरातत्व में योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से से सम्मानित किया गया था। इतिहास में उनकी करीब एक दर्जन पुस्तकों में विभिन्न जानकारियां है। डॉ.यशवंत सिंह कठोच ने सम्मान समारोह के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों से इतिहास पर शोध करने वाले छात्रों को और बेहतर सुविधाएं मिले सकेगी। इतिहास और इसे पढ़ने वालों के लिए यह मेरा योगदान है। सम्मान समिति चौंदकोट के संयोजक तीरथ सिंह राही ने कहा कि इस डॉ. कठोच से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी, बीडीओ धनपाल नेगी, नरेन्द्र नेगी,मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, ग्राम प्रधान प्रशांत पांथरी, पूनम, दीपक पांथरी, नवीन, यशवंत सिंह नेगी, मनोज बिष्ट, शिक्षक राजवीर बिष्ट आदि जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। संचालन ग्राम प्रधान तेजपाल सिंह पंवार ने किया।

पद्मश्री डा.यशवंत सिंह कठोच को सम्मानित करते सदस्य

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.Ireps.gov.In पर देखें।

टेन्डर संख्या	51-DRM-MB-24-25 Dt. 24.06.2024	53-DRM-MB-24-25 Dt. 25.06.2024	57-DRM-MB-24-25 Dt. 24.06.2024	58-DRM-MB-24-25 Dt. 25.06.2024
कार्य का नाम	Rebuilding of Bridge No. 1171/DN, 1213/DN, 1222/DN in MB-SRE section and Bridge No. 9 in KTW-NBD section under Sr. DEN-IV-MB.	Miscellaneous Civil Works in section of ADEN/HPU & ADEN/GJL and providing desirable MEA at various stations under ADEN/GJL & ADEN/HPU.	Dewatering of LHS in the section of Sr.DEN-IV-MB.	Provision of drinking facility and augmentation to existing facilities at various level crossings under Sr.DEN-IV-MB.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	19.07.2024	19.07.2024	19.07.2024	19.07.2024
टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00	16:00	16:00	16:00
अनुमानित लागत	2,37,72,360.71	69,99,977.28	29,99,785.00	63,65,428.55
धरोहर राशि	2,68,900.00	1,40,000.00	60,000.00	1,27,300.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 माह	6 माह	6 माह	6 माह
बिडिंग आरंभ तिथि	05.07.2024	05.07.2024	05.07.2024	05.07.2024

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक - 26.06.2024 1926/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

रिटायरमेंट पर यूपी की तरह मिले अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने रिटायरमेंट में यूपी की तरह अतिरिक्त वेतन वृद्धि देने की मांग की। गुरुवार को मुख्य सचिव को पत्र सौंप परिषद ने कर्मचारियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। परिषद अध्यक्ष अरुण पांडेय ने कहा कि 30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले का लाभ देने की मांग की। इस फैसले के अनुरूप कर्मचारियों को रिटायरमेंट में अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। ताकि एक जनवरी और एक जुलाई को नोशनल वेतन वृद्धि देकर पेंशन और ग्रेच्युटी का आंकलन किया जा सके। इस मांग पर सहमति बनने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि छठे वेतन आयोग के अनुसार वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को केंद्र की तरह जनवरी 2024 से महंगाई भत्ते में नौ प्रतिशत का इजाफा कर 230 प्रतिशत से 239 प्रतिशत किया जाए।कहा कि 15 जून को रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे में बिना किसी कारण परिवहन कर्मचारियों को निलंबित किया गया। इसका प्रवर्तन कर्मचारी संघ विरोध कर रहा है। तत्काल कर्मचारियों का निलंबन वापस लिया जाए।

नालों एवं नालियों की सफाई निरंतर गतिमान

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा आगामी मानसून काल के दृष्टिगत नगर निगम, नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को नालों, नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम देहरादून द्वारा नालों एवं नालियों की सफाई निरंतर गतिमान है। आज गोविन्द गढ़ से दुर्गा डेयरी, भंडारी बाग से इंद्रेश हॉस्पिटल पुल,चंद्रमणि शमशानघाट का टीनाला, रक्षा विहार से चुना भटटा, अहीर मंडी (डोभालवाला), बल्लीवाला से अनुराग चौक, चुक्खमोहल्ले से कालिका मंदिर, देहरा खास 52 ब्लॉक नाला (पटेल नगर),बकरालवाला आदि स्थानों पर उपकरण एवं पर्यावरण मित्रों के माध्यम से नालों एवं परिसरों की सफाई कार्य गतिमान है।

तबादला सत्र 10 जून तक न बढ़ाने पर जताया विरोध

देहरादून। तबादला सत्र की अंतिम तारीख 10 जुलाई तक बढ़ाए जाने का शासनादेश आज तक जारी न होने पर उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन ने आक्रोश जताया। अध्यक्ष पूर्णानन्द नौटियाल ने कहा की 11 जून को मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में तय हुआ था कि तबादला सत्र की अंतिम तारीख 10 जुलाई की जाएगी। अब 10 जुलाई में कुछ ही समय बचा है। इसके बाद भी आदेश अभी तक नहीं हो पाया है। इससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस असमंजस को समाप्त किया जाए।

फेसबुक पर दोस्ती पड़ी भारी,एक लाख 26 हजार रुपये गंवाए

विकासनगर। फेसबुक पर एक महिला को दोस्ती करनी भारी पड़ गई। साइबर ठगों ने दोस्त बनकर गिफ्ट भेजने और फिर मनी लॉड्रिंग का डर दिखाकर महिला से एक लाख 26 रुपये हड़प लिए। शिकायत के बाद सहसपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सहसपुर मुकेश त्यागी ने बताया कि सारंधा नेगी निवासी सहसपुर ने तहरीर दी है। बताया कि फेसबुक के माध्यम से उनकी दोस्ती लंदन में रहने वाले डॉ. टेडी हडसन नाम के व्यक्ति से हो गई थी। वह उनसे व्हाट्सएप पर संपर्क करने लगा। एक दिन उसने बताया की उसकी पत्नी नहीं है। उसने उनकी बेटी के जन्मदिन के लिए गिफ्ट भेजने की बात कही। महिला के मुताबिक मना करने के बाद भी उसने जिद की तो गिफ्ट भेजने के लिए उस पर विश्वास करके अपना पता दे दिया। इसके बाद इंडियन कस्टम विभाग का कर्मचारी बताते हुए एक व्यक्ति ने महिला को फोन किया। कहा कि एक पार्सल लदंन से आया है। इसको छुड़वाने के लिए कस्टम ड्यूटी के रूप में 32 हजार 800 रुपये देने होंगे। फिर उस अज्ञात व्यक्ति की ओर से उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में उसने रुपये भेज दिए। इसके बाद उसके पास अलग-अलग नंबरों से फोन आए। कहने लगे कि पार्सल में पैसे हैं। उसके ऊपर मनी लॉड्रिंग का केस हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने उससे पैसों की मांग की। बताया कि आरोपियों ने उससे 1 लाख 26 हजार 679 रुपये अपने खातों में डलवए। बार-बार पैसों की मांग पर उसे शक हुआ और उसने पूछताछ की तो उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

दुर्घटना के समय पावर शीट मशीन बचाएगी घायलों की जान

नई टिहरी। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर देवप्रयाग थाना क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं देखते हुए डीएम की ओर से पुलिस को पावर शीट मशीन प्रदान की गई। मशीन की सहायता से दुर्घटनाओं के समय पुलिस टीम सरलता से खाई में घायलों का रेस्क्यू कर सकेगी। एसएसपी टिहरी के निर्देश पर गुरुवार को इस पावर शीट मशीन का पुलिस व एसडीआरएफ टीम को प्रशिक्षण दिया गया। बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग क्षेत्र दुर्घटनाओं की दृष्टि से काफी संवेदनशील रहा है। थाना क्षेत्र स्थित तोताघाटी, कौड़ियाला, सौड़पाणी, महादेव चट्टी, तीनधारा, भरपूर, बछेलीखाल, भुईट, पाली पुलिया, मुल्या गांव आदि में आए दिन वाहन दुर्घटनायें सामने आती हैं। इसको देखते हुए डीएम कार्यालय की ओर से पुलिस को एक पावर शीट मशीन दी गयी है, जो खाई से घायलों का तत्काल रेस्क्यू कर सकेगी। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि राजमार्ग पर गहरी खाईयों में वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर पुलिस व एसडीआरएफ को घायलों को रेस्क्यू करना काफी मुश्किल रहता है। डीएम कार्यालय टिहरी से पुलिस को मिली पावर सीट मशीन से 90 डिग्री पर फंसे घायल व्यक्ति को भी रेस्क्यू कर उसका जीवन बचा सकती है। थाना देवप्रयाग की बछेलीखाल चौकी में ट्रेनर आशीष खरोलकर ने पावर शीट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। जिसमें पावर सीट मशीन की सहायता से खाई की जटिल जगह से घायल व्यक्ति को लिफ्ट करने का तरीका बताया गया। प्रशिक्षण में एसडीआरएफ व्यासी सहित देवप्रयाग थाना और चौकी के करीब 30 अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

हरित देहरादून पहल के अन्तर्गत हरिद्वार बाईपास रोड पर लगभग 260 वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाये

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में देहरादून जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के अन्तर्गत ह्यहरित देहरादून पहल वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जनपद के नागरिकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा हरित देहरादून पहल के अन्तर्गत आईएसबीटी तक हरिद्वार बाईपास रोड को वृक्ष लगाकर किया जा रहा है ह्यहराभरा। नागरिकों को वृक्षों के संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है। आज ह्यहरित देहरादून पहल के अन्तर्गत आज हरिद्वार बाईपास रोड पर लगभग 260 वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाये गए है तथा वृक्ष लगाने का कार्य गतिमान है। हरित देहरादून पहल के अन्तर्गत वृक्षारोपण की शुभारम्भ तिथि 20 जून से अबतक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 681 से अधिक वृक्ष लगाये जा चुके हैं, जिनमें चकराता रोड, कैनाल रोड, एफआरआई, कौलागढ, जी.एम.एस रोड, विकासनगर, सेलाकुई, बिष्ट गांव, मोथोरोवाला, आदि स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि जिला प्रशासन की पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ह्य हरित देहरादून पहल मुहिम से जुड़े। उन्होंने कहा कि हम सब लोग संकल्प लें, कि पेड़ लगाएंगे तथा उसकी देखभाल करेंगे।

गोपेश्वर में सृजनात्मक विचारों पर संवाद हुआ

चमोली। मिशन शिक्षण संवाद उत्तराखंड के स्वयंसेवी शिक्षकों की एक दिवसीय गोष्ठी गुरुवार को डायट गौचर में हुई। गोष्ठी में रचनात्मक और सृजनात्मक विषयों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर दाता राम पुरोहित ने कहा कि मिशन शिक्षण संवाद शिक्षा के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सभी का ध्यान अंग्रेजी शिक्षा की ओर है उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने कक्षा 6 से अंग्रेजी अध्ययन प्रारंभ किया, लेकिन बहुत जल्द ही अंग्रेजी भाषा पर अधिकार कर लिया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण अंग्रेजी भाषा सीखना नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अंग्रेजी केवल और केवल भाषा मात्र है जिसे हम ज्ञान मान लेते हैं। उन्होंने भारतीय भाषाओं में अध्ययन की वकालत करते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं में अध्ययन करते हुए सरलता से ज्ञानार्जन कर सकते हैं। कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली कुलदीप गैरोला ने कहा मिशन शिक्षण संवाद के कार्य सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रप्रयाग प्रमेन्द्र बिष्ट ने कहा यदि हमारे विद्यालय भौतिक रूप से सुदृढ़ बनें तो हमारा अकादमिक स्तर भी बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डायट गौचर के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि हम सबको मिलकर शिक्षा के उत्थान के लिए काम करना होगा। उन्होंने शिक्षकों का आवाह्न करते हुए कहा कि सभी को अपने अपने स्तर पर नैतिकता व निस्वार्थता के साथ काम करना होगा।

डायट में वर्ष 24-25 के लिए 72.40 लाख का बजट अनुमोदित

रुद्रप्रयाग। जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने एवं शिक्षा के शैक्षिक के स्तर को सुधारने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 72.40 लाख का बजट अनुमोदित किया गया।

इस मौके पर डायट में होने वाली गतिविधियों को ठीक ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में इसका व्यापक लाभ मिल सके। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डायट द्वारा कराए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की कार्यक्रम सलाहाकार समिति (पीएसी) की बैठक में अनुमोदित बजट को शिक्षा के क्षेत्र की बेहतरी के लिए खर्च करने की उम्मीद जताई गई। वर्ष 2024-25 के लिए डायट को कार्यक्रम गतिविधि में 40.00 लाख, शोध गतिविधि में 10.00 लाख, तकनीकी सहायता में 2.40 लाख तथा वार्षिक अनुदान में 20.00 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जो भी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, उन गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित किया जाए। जिसमें डायट के सभी प्रवक्ताओं को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वैदिक मैथेमेटिक्स पर विशेष जोर देने को कहा। जिसके लिए प्राइमरी एवं जूनियर के अध्यापकों के लिए वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जबकि एक संयुक्त कार्यशाला आयोजित करने को भी कहा गया। उन्होंने डायट फैक्लटी को अधिक से अधिक शोध करने, शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा जिससे प्रशिक्षण अध्यापन में उपयोगी हो सके। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी यशवीर सिंह रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र, प्रभारी प्राचार्य डायट हरिबल्लभ डिमरी, प्रवक्ता डायट ममता देवी, रूचिना पुरी, इंदूकांता भंडारी, भुवनेश्वरी चंदनी, डॉ जीपी सती, प्रदीप रंजन चमोली सहित कई अधिकारी एवं प्रवक्ता मौजूद थे।

जोशीमठ में भाजपा ने खोला चुनावी कार्यालय

चमोली। जोशीमठ नगर में गुरुवार को भाजपा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ कर दिया है।

सुबह साढ़े 11 बजे जोशीमठ मुख्य बाजार में पार्टी ने अपना चुनावी कार्यालय खोला। कार्यालय खुलने के बाद भाजपा चुनाव संयोजक भगवती नंबूरी ने कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें और मनोयोग से प्रचार में जुटने की अपील की।

कहा कि एक बार फिर से बदरीनाथ विधानसभा में भाजपा प्रचंड मतों से जीतने जा रही है। इसलिए कार्यकर्ता और मेहनत करें। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ऋषि सती, शैलेन्द्र पंवार, कृष्णमणी थपलियाल, माधव सेमवाल, भरत सती, मुकेश डिमरी आदि मौजूद रहे।

राहुल गांव के नेता प्रतिपक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने जताई खुशी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के संसद में नेता प्रतिपक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने खुशी व्यक्त की है। कहा कि राहुल गांधी एक बेहतर सोच के साथ देश हित के लिए कार्य कर रहे हैं।

गुरुवार को कांग्रेसियों ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के बेहतर विकास की सोच रखने हैं। वर्तमान में भारतीय जनता धर्म व जाति के नाम पर भेदभाव पैदा कर रही है। ऐसी स्थिति में राहुल गांधी बेहतर विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। कहा कि राहुल गांधी लगातार नफरत की आवाज के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए आ रहे हैं। राहुल गांधी की सोच का परिणाम ही था कि इंडिया गठबंध एक मजबूती के साथ आगे बढ़ा है। कहा कि धरातल पर कांग्रेस कार्यकर्ता भी संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर सतेंद्र सिंह बिष्ट, बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, रंजना रावत, लक्ष्मी नेगी, सुधा असवाल, दलीप सिंह रावत, नीसम अहमद, गोपाल गुसाईं, नरेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

खेलों के विकास के लिए खेल मैदान जरूरीः विधायक

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक स्थित नकोट के फैगुल गांव में गुरुवार को सीएम की घोषणा पर करीब 25 लाख रुपये की धनराशि से स्वीकृत खेल मैदान का टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय और गुणवत्ता से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। गुरुवार को विधायक किशोर उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट और जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी ने युवा कल्याण विभाग के खेल मैदान के कार्य का फैगुल गांव में शुभारंभ कराया। विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल से जहां मानसिक और शारीरिक रूप से हम फिट रह सकते हैं, वहीं यह कैरियर बनाने का भी बेहतर माध्यम है। कहा कि टिहरी विधानसभा में और खेल मैदान, मिनी स्टेडियम प्रस्तावित किए जा रहे हैं। खेल मैदान बनने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारना का मौका मिलेगा। युवा कल्याण अधिकारी तिवारी ने बताया की शासनादेश के अनुरूप मिनी स्टेडियम और खेल मैदान के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मिल रहे हैं। फैगुल में निर्माणाधीन खेल मैदान का क्षेत्रफल 50 मीटर लंबा और 40 मीटर चौड़ा है। जिसमें खो-खोल, वॉलीबाल, फुटबाल जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। कहा कि मैदान 3 माह के भीतर तैयार हो जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान भगवान सिंह धनोला, जगेठी के प्रधान प्रेमलाल उनियाल, कैंच्छू के प्रधान मायाराम पंत, रमेश उनियाल, गोपाल मखलोगा, जगवीर रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील बहुगुणा, मकान सिंह, पुरुषोत्तम उनियाल, मोर सिंह धनोला, मानवेंद्र बिष्ट, कुलदीप मखलोगा, भारतीय कॉपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लि. के जीएम पवन कुमार पांडेय मौजूद रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

नई टिहरी। थान चंबा पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पीड़ित के भाई की तहरीर पर आईपीसी की धारा 306 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद मिले साक्ष्यों के बाद गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष चंबा एलएस बुटोला ने बताया कि दयाल सिंह पंवार निवासी रिंगालगढ़ सत्यों थाना चंबा ने बीती 16 मई को थाने में आकर एक तहरीर दी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका 32 वर्षीय भाई गंभीर पंवार जो कि जंगलात में दैनिक श्रमिक के रूप में काम करता था गांव के सुरेंद्र पंवार और अन्य द्वारा उस पर झूठा आरोप लगाकर उसको प्रताड़ित किया। जिस पर उसने तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना एसआई अरविंद रतूड़ी को सौंपी। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य के आधार पुलिस ने आरोपी 52 वर्षीय सुरेंद्र पंवार पुत्र स्व.मातवर सिंह पंवार निवासी ग्राम व पो रिंगलगढ़ थाना चंबा को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य के खिलाफ जांच अभी जारी है। आरोपी को पकड़ने में थानाध्यक्ष लखपत सिंह बुटोला, एसआई अरविंद रतूड़ी, सागर और सुबोध की भूमिका अहम रही।

बडोवाला क्षेत्र में मिले शवों का पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून पुलिस ने एक महिला और उसकी दो बेटियों की हत्या करने और उनके शवों को कूड़े के ढेर में फेंकने के आरोप में बिजनौर निवासी 36 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम हसीन है जो कि बिजनौर के नहटौर का रहने वाला है और मृत महिला के साथ रिलेशनशिप में था। पुलिस ने 25 जून को मां और दोनों बेटियों के शव बडोवाला क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के पास से बरामद किए थे। इस बारे में जानकारी देते हुए स्थानीय ररढ अजय सिंह ने कहा, '25 जून को पटेल नगर थाने को बड़ोवाला इलाके में पेट्रोल पंप के पास स्थित सूखे नाले से भयानक बदबू आने की सूचना मिली थी। जब हमारी टीम वहां पहुंची तो मौके से दो बच्चियों के शव बरामद किए। इलाके में जंगली जानवरों के खतरे के कारण उस शाम हम वहां तलाशी अभियान नहीं चला सके, हालांकि हमने निगरानी के लिए वहां पुलिस की एक टीम तैनात कर दी थी।'

सिंह ने बताया, 'अगली सुबह हमने बरामदगी स्थल और आसपास के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद हमारी टीम को कूड़े के ढेर से दुर्गंध आई। मौके से कूड़ा हटाने पर ढेर में एक महिला का सड़ा-गला शव मिला। तब तक हमें स्पष्ट हो गया था कि सभी शव एक ही परिवार के सदस्यों के हैं। मामले को सुलझाने के लिए हमने कई टीमें गठित कीं। इसके बाद हमने आसपास के थानों और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर जिलों के थानों में महिला और उसकी बेटियों के बारे में दर्ज कराई गई किसी गुमशुदगी की शिकायत के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की।' अधिकारी के मुताबिक, 'देहरादून, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के पुलिस थानों से हमें कोई प्रासंगिक जानकारी नहीं मिली,

पर्यवेक्षक ने बताए आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियम

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक अनीता रामाचंद्रन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कार्यालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें राजनीतिक दलों को उप चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

पर्यवेक्षक ने कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने राजनीतिक दलों को मतदेय स्थल एवं पंजीकृत मतदाताओं के बारे में जानकारी दी। रिटर्निंग ऑफिसर आरके पांडेय ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से उप निर्वाचन कार्यक्रम की आदर्श आचार संहिता का पालन करने पर जोर दिया। कोई भी राजनैतिक दल अपने प्रचार-प्रसार के लिए धार्मिक स्थान, सार्वजनिक स्थान तथा सरकारी स्थानों का प्रयोग नहीं करेगा। राजनीतिक दलों को सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करने से पूर्व मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) से अनुमति लेनी आवश्यक है। जुलूस, रैली, जनसभा, वाहन, लाउडस्पीकर आदि के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में अपना सहयोग करने की अपील की है। बैठक में भाजपा के रविन्द्र सिंह नेगी, कांग्रेस के सुरेश कुमार डिमरी, निर्दलीय प्रत्याशी के प्रतिनिधि विश्वनाथ खाली सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, रिटर्निंग ऑफिसर राजकुमार पांडेय और सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

अग्निशमन केंद्र ने रिन्यू जल ऊर्जा परिक्षेत्र में की मॉक ड्रिल

रुद्रप्रयाग, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशों पर अग्निशमन केंद्र रतूड़ा ने बेडूबगड़ स्थित रिन्यू जल ऊर्जा परिक्षेत्र में मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें किसी भी आपदा के दौरान बचाव करने को लेकर जानकारी दी गई। रिन्यू जल ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड के 99 मेगावाट सिंगोली-भटवाड़ी जलविद्युत परियोजना क्षेत्र के बेडूबगड़ अगस्त्यमुनि में आयोजित मॉक ड्रिल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह के नेतृत्व में फायर यूनिट रतूड़ा और अगस्तमुनि में नियुक्त कर्मियों को कंपनी के हाइड्रो प्लांट बेडूबगड़ के कट्रोल रूम द्वारा सूचना दी गई कि कंपनी के स्विचयार्ड के समीप आग लगी है। इस सूचना पर फायर यूनिट अगस्त्यमुनि से एक फायर टेंडर शीघ्र घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। आग स्विचयार्ड से ट्रासफार्मर यार्ड की ओर बढ़ रही थी, जिसे फायर यूनिट ने तत्काल कार्रवाई कर बुझा दिया गया। इसके बाद कंपनी में कार्यरत समस्त स्टाफ को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन तैयारी योजना की समीक्षा करना और मानक संचालन प्रकिया का मूल्यांकन करना है। आग को बेहतर अग्नि सुरक्षा उपायों के द्वारा किस प्रकार से प्राथमिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सकता है, इसको लेकर जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू से की भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू से शिष्टाचार भेंट कर केंद्रीय मंत्री, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के दायित्व का कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने के संबंध में अनुमोदन प्रदान कर सम्बंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के जनपद उधमसिंहनगर के पंतनगर में स्थित रनवे छोटा होने के कारण इस एयरपोर्ट पर बड़े वायुयानों को उतारना संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए रनवे को बढ़ा कर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई वर्तमान में 1372 मीटर है जिसे बढ़ाकर 3000 मीटर किया जाना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में विभिन्न विभागों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग सिडकुल की कुल 804.0162 एकड़ अथवा 325.5126 हैक्टेएयर भूमि अधिग्रहण की जा चुकी है। जिसमें से 212.4868 (524.78 एकड़) भूमि नागरिक उड्डयन विभाग के नाम हस्तान्तरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से देहरादून स्थित जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु वन विभाग की 87.0815 हेक्टेयर भूमि के हस्तांतरण के संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध करते हुए विस्तारीकरण पर कार्य शुरू करने की अनुमति प्रदान करने का भी अनुरोध किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com